अत्यावश्यक

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 19( )2013/कार्मिक–राज/प्रमुवस/ 2481–88 दिनांक 23 मई, 2013

निमित,

आयुक्त,
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक,
राजस्थान, जयपुर
मुख्य वन संरक्षक,
कोटा/भरतपुर/वन्य जीव, जयपुर/वन्य जीव, जोधपुर/बीकानेर/वन्य जीव, कोटा

विषय :– राज्य वन सेवा/भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के स्थानान्तरण/ पदस्थापन बाबत

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राज्यादेश संख्या 12(7)वन/2012/पार्ट दिनांक 6.5.2013 एवं 10.5.2013 तथा कार्मिक (क–1) विभाग का आदेश क्रमांक प0 5 (3) कार्मिक/ क–1/2013 दिनांक 11.5.2013 से राज्य वन सेवा/भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के स्थानान्तरण/पदस्थापन आदेश जारी किये गये। इस कार्यालय के पत्रांक सम 2029–60 दिनांक 9.5.2013, 2212–37 दिनांक 14.5.2013, 2185–2211 दि. 14.5.2013 एवं 2368–2400 दिनांक 20.5.2013 से आपको राज्य सरकार द्वारा स्थानान्तरणर/पदस्थापन आदेशों की पालना अविलम्ब करने हेतु निर्देशित किया गया, जो विभागीय वैबसाईट पर भी उपलब्ध है। परन्तु इस कार्यालय की जानकारी में आया है कि निम्न अधिकारियों द्वारा आज दिनांक तक अपने नवीन पदस्थापन स्थान पर उपस्थिति नहीं दी गई है जिसके परिणामस्वरूप वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा तथा वन विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति राज्यादेशों के अवहेलना की श्रेणी में आती है तथा इसे राज्य सरकार द्वारा गम्भीरता से लिया गया है।

अतः आपके अधीनस्थ पदस्थापित निम्नांकित अधिकारियों को बिना कार्यग्रहण काल का उपभोग किये तत्काल अपने नवीन पदस्थापन स्थान पर उपस्थिति देने हेतु पाबन्द कर इस कार्यालय को दिनांक 27.5.2013 तक अवगत करावें, अन्यथा राज्यादेशों की पालना नहीं करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवा दिये जावेंगे :–

क्र.सं.	नाम अधिकारी	नवीन पदस्थापन स्थान
1	श्री मनोज पाराशर	उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्रीय निदेशक, बाघ परियोजना, सरिस्का
2	श्री अनिल कपूर	उप वन संरक्षक, करौली
3	श्री दिग्विजय गुप्ता	उप वन संरक्षक, बूंदी
4	श्री ज्ञान चन्द	उप वन संरक्षक (प्रशासन) कार्यालय मुवस, वजी, जोधपुर
5	श्री के0सी0मीणा	उप वन संरक्षक, कार्य आयोजना, भरतपुर
6	श्री नरपत सिंह चौधरी	प्रभारी उप वन संरक्षक, इ.गा.न.प. स्टेज–II, बीकानेर
7	श्री किशन सिंह भाटी	प्रभारी उप वन संरक्षक, वन्य जीव, जैसलमेर
8	श्री अर्जुन दान चारण	प्रभारी उप वन संरक्षक, रा0चं0अ0 सवाईमाधोपुर
9	श्री योगेन्द्र सिंह कालवी	प्रभारी उप वन संरक्षक (अराजपत्रित प्रस्थापना) कार्यालय प्रमुवस, राज0 जयपुर

भवदीय,

(वीरेन्द्र सिंह)
अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(प्रशासन) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 19( )2013/कार्मिक–राज/प्रमुवस/ दिनांक 23 मई, 2013

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, राजस्थान, जयपुर
2. मुख्य वन संरक्षक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, जयपुर को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु
3. उपरोक्तांकित सम्बन्धित अधिकारी श्री ....

(वीरेन्द्र सिंह)
अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(प्रशासन) राजस्थान, जयपुर